विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/2016/808 // अधिसूचना // दिनांक :2/12/16

सत्र 2015-16 स्पेशल बी.एड. परीक्षा में विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के मनोविकास कॉलेज ऑफ स्पेशल एज्युकेशन उज्जैन एन.सी.टी.ई, डब्ल्यू.आर.सी. भोपाल के मापदण्ड अनुसार मान्यता प्राप्त एवं विश्वविद्यालय सम्बद्धता प्राप्त होकर काउन्सलिंग से प्रवेश प्राप्त बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर के नियमित छात्रों से ऑनलाईन के माध्यम से परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित महाविद्यालय में जमा करने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं -

(1) **बिना विलम्ब शुल्क परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 08 दिसम्बर, 2016 से 20 दिसम्बर, 2016 तक"

(2) **विलम्ब शुल्क रूपये 100/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 21 दिसम्बर, 2016 से 24 दिसम्बर, 2016 तक"

(3) **विलम्ब शुल्क रू. 750/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 25 दिसम्बर, 2016 से 28 दिसम्बर, 2016 तक"

(4) **विलम्ब शुल्क रू. 2000/- के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि -**
"दिनांक 29 दिसम्बर, 2016 से परीक्षा प्रारम्भ होने के 05 दिवस पूर्व तक"

दिशा-निर्देश -

1) NCTE WRC, Bhopal से मान्यता एवं विश्वविद्यालय से सम्बद्धता सत्र 2015-16 प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति अनिवार्यतः संलग्न करें। **उक्त के अभाव में परीक्षा आवेदन स्वीकार्य नहीं किये जाऐंगे।**

2) उच्च शिक्षा, म0प्र0 शासन, भोपाल बी.एड. काउन्सलिंग द्वारा आपके महाविद्यालय को जारी प्रवेशित सूची एवं उत्कृष्ट (अग्रणी) महाविद्यालय द्वारा जारी प्रवेशित विद्यार्थियों की सत्यापित सूची संलग्न करें।

3) माननीय न्यायालय तथा म0प्र0 शासन से कोई अन्य निर्देश प्राप्त होने पर तद्नुसार कार्यवाही करने हेतु विश्वविद्यालय स्वतंत्र होगा।

4) समस्त अशासकीय महाविद्यालय को रू. 100/- के स्टाम्प पेपर पर इस आशय का नोटराईज्ड शपथ पत्र प्रमाण सहित प्रस्तुत करना होगा कि उनके महाविद्यालय से जिन विद्यार्थियों के परीक्षा आवेदन पत्र भेजे गए हैं वे सभी परीक्षा में बैठने के लिए पात्र है। यदि बाद में वे पात्र नहीं पाऐ जाते हैं तो इसका सम्पूर्ण दायित्व महाविद्याल का होगा तथा विश्वविद्यालय नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र होगा। यह शपथ पत्र संचालक संस्था के अध्यक्ष, सचिव एवं महाविद्यालय के प्राचार्य, तीनों द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित होगा।

5) प्राचार्य/विभागाध्यक्ष संबंधित महाविद्यालय/अ.शा. की ओर भेजकर निवेदन है कि परीक्षा आवेदन पत्र मय नॉमिनल रोल लिस्ट के 02 प्रतियों में अग्रेषित कर विश्वविद्यालय को अनिवार्य रूप से भेजें। यथा घोषित तिथि पर परीक्षा आवेदन पत्र प्रस्तुत परीक्षा से वंचित रहता है तो उसका समस्त उत्तरदायित्व संबंधित महाविद्यालय/अ.शा. का होगा।

06) आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि क पश्चात पाँच (05) दिवस के अंदर परीक्षा आवेदन विश्वविद्यालय में जमा करायें। समय सीमा में जमा न कराने के पश्चात प्रति छात्र 10/- (दस रुपये) विलम्ब शुल्क महाविद्यालय को जमा कराना होगा।

आदेशानुसार

उपकुलसचिव (परीक्षा)

Adhi-544

क्रमांक/परीक्षा/2016/ 809 दिनांक : 2/12/2016

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु -

01. निदेशक/प्राचार्य, संबंधित संस्थान/महाविद्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त से संबंधित परीक्षार्थियों को अवगत करावें एवं अधिसूचना की एक प्रति संस्थान/महाविद्यालय के सूचना पटल पर चस्पा करने का कष्ट करें।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निजि सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
03. कुलानुशासक/मीडिया प्रभारी, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. संकायाध्यक्ष, विद्यार्थी कल्याण संकाय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
05. प्रभारी, ऑनलाईन प्रकोष्ठ, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
06. प्रभारी, कम्प्यूटर सेन्टर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन की ओर उक्त अधिसूचना विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
07. प्रभारी, मुद्रणालय/पूछताछ कार्यालय, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
08. सहायक कुलसचिव, लेखा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
09. संपादक/प्रतिनिधि महोदय, दैनिक समाचार पत्र .... की ओर भेजकर अनुरोध है कि अधिसूचना की जानकारी अपने लोकप्रिय समाचार-पत्र में छात्रहित को दृष्टिगत रखते हुए निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा)

Adhi-545